**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**11.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

## मुख्य समाचार

- राज्य स्तरीय हरोली उत्सव धूमधाम के साथ आरंभ– मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शामिल हुए शोभा यात्रा में।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–शुल्क की सरकार बन गई है सुख की सरकार।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा–सड़कों के विस्तारीकरण पर विशेष ध्यान दे रही है सरकार।
- सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का स्टार्टअप फाउंडर्स उद्यमियों और युवा व्यापार नेताओं से मोदी सरकार द्वारा सृजित अवसरों का लाभ उठाने की अपील।
- प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा फीस बढ़ौतरी के विरोध में मुखर हुआ छात्र संगठन एस.एफ. आई–बढ़ौतरी वापिस लेने की मांग।

## मुख्यमंत्री

राज्य स्तरीय हरोली उत्सव 2026 आज धूमधाम के साथ आरंभ हो गया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हरोली के समीप रोड़ा मैदान से निकली शोभा यात्रा में हिस्सा लेकर इस उत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। इस वर्ष उत्सव को प्रकृति और संस्कृति के संगम के रूप में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से पहली बार नदी तट पर इसका आयोजन किया जा रहा है। चार दिवसीय हरोली उत्सव के दौरान हिमाचली गायकों के अलावा प्रसिद्ध पंजाबी गायक गिप्पी ग्रेवाल और एमी विर्क सहित अनेक मशहूर कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस दौरान पशु मेला, डॉग शो और बेबी शो का आयोजन भी किया जा रहा है।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कि सुख की सरकार अब शुल्क की सरकार बन गई है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि सरकार महिलाओं से ऑपरेशन तक के पैसे ले रही है जबकि हिमकेयर योजना में ये सभी निशुल्क है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार हिमकेयर को चरणबद्ध ढंग से खत्म कर रही है क्योंकि ये पूर्व भाजपा सरकार की योजना है। जयराम ठाकुर ने यह भी कहा कि इंदिरा गांधी सम्मान निधि के नाम पर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार अब हिमकेयर से इलाज पर भी वसूली कर रही है।

## भाजपा

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने प्रदेश सरकार पर राज्य स्तरीय हरोली उत्सव का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया है। राकेश जम्वाल ने आज शिमला में कहा कि ये कार्यक्रम पूरी तरह से सरकारी है लेकिन इसके बावजूद सरकार ने इसे कांग्रेस के राजनीतिक मंच में बदल दिया है। उन्होंने इसे सरकारी तंत्र का दुरूपयोग करार दिया। राकेश जम्वाल ने कहा कि इस सरकारी उत्सव के समापन के लिए कांग्रेस प्रभारी को आमंत्रित करना प्रशासनिक निष्पक्षता पर कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा संवैधानिक पदो के दुरूपयोग, प्रशासनिक गिरावट और राजनीतिकरण को जनता के सामने लाएगी।

## विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार सड़कों के विस्तारीकरण पर विशेष ध्यान दे रही है। विक्रमादित्य सिंह आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के तहत भराड़ा पंचायत में अप्पर जैशीधार सम्पर्क सड़क के शिलान्यास के मौके पर एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने

कहा कि सलापड़–तत्तापानी सड़क के निर्माण पर सरकार 2 सौ करोड़ रूपये खर्च कर रही है जबकि सुन्नी–लुहरी सड़क को 70 करोड़ रूपये की लागत से चौड़ा किया जा रहा है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि लुहरी–सुन्नी निर्माणाधीन जलविद्युत परियोजना के प्रभावितों के हित उनके लिए सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि विस्थापित सभी 43 परिवारों को परियोजना के आस–पास ही उचित स्थान पर बसाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने इस मौके पर लोगों की समस्याएं भी सुनी।

## शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि आमजन को स्वच्छ पेयजल, बेहतर सड़क नेटवर्क और आधारभूत अधोसंरचना उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वास्थ्य मंत्री आज सोलन शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों के उद्घाटन के उपरांत बोल रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सोलन शहर में पानी की क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार और अधिक पेयजल भण्डारण टैंकों का निर्माण करेगी। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग के अनुसार ही सोलन नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सोलन शहर में सीवरेज प्रणाली के लिए शीघ्र ही धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार आर्थिक संकट के बावजूद विकास कार्यों को लगातार प्राथमिकता दे रही है।

## अनुराधा राणा

लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने ग्राम्फू–काजा–सुमदो सड़क को बहाल करने के कार्य में हो रही देर पर नाराजगी जताई है। उन्होंने आज सड़क बहाली के कार्य का निरीक्षण किया और संबंधित कम्पनी को कार्य में तुरंत तेजी लाने के निर्देश दिए। अनुराधा राणा ने ये भी कहा कि यदि काम में लापरवाही जारी रही तो संबंधी कम्पनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अनुराग

भाजपा सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण भारत वैश्विक लीडर बना है। उन्होंने स्टार्टअप फाउंडर्स, उद्यमियों और युवा व्यापार नेताओं से मोदी सरकार के पिछले एक दशक के परिवर्तनकारी कानूनों और नीतिगत सुधारों द्वारा सृजित अभूतपूर्व अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने ये भी कहा कि एम.एस.एम.ई और स्टार्टअप भारत की ग्रोथ का इंजन है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत अब उभरती हुई क्षमता वाले राष्ट्र से आगे बढ़कर पूर्ण क्षमता प्राप्त राष्ट्र बन चुका है।

## चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार किसानों को एम.एस.पी और अन्य योजनाओं के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। उन्होंने ज्वाली में स्थानीय नागरिकों से संवाद में कहा कि सरकार की नीतियों का उद्देश्य हर नागरिक को शासन की मुख्य धारा से जोड़ना है। चंद्र कुमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार व्यवस्था परिवर्तन कर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है और गरीब व वंचित वर्गों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के साथ–साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। चंद्र कुमार ने ये भी कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान विकसित किए जा रहे हैं।

## फीस बढ़ौतरी

छात्र संगठन एस.एफ.आई ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में फीस बढ़ौतरी का विरोध किया है। छात्र संगठन के प्रदेश सचिव सन्नी सिक्टा ने आज शिमला में कहा कि फीस वृद्धि छात्रों के भविष्य पर सीधा हमला है। उन्होंने विश्वविद्याल के फीस बढ़ौतरी के फैसले को पूरी तरह मनमाना और छात्र विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि फीस वृद्धि के नाम पर सरकार शिक्षण संस्थानों को कमजोर कर रही है और निजी संस्थानों को बढ़ावा दे रही है। छात्र नेता ने फीस बढ़ौतरी को तुरंत वापिस लेने और विश्वविद्यालय को पर्याप्त आर्थिक सहायता देने की मांग की।

## संदीपनी भारद्वाज

इस बीच भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने शिमला के कमला नेहरू अस्पताल को आई.जी.एम.सी शिमला में स्थानांतरित करने के सरकार के फैसले का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने इसे व्यवस्था विनाश करार दिया और कहा कि सौ साल से भी अधिक पुराना ये अस्पताल कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण खतरे में है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये पूरा मामला बिना किसी आधिकारिक आदेश के आगे बढ़ाया जा रहा है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि आई.जी.एम.सी शिमला पहले से ही मरीजों से क्षमता से अधिक भरा हुआ है ऐसे में कमला नेहरू अस्पताल को यहां स्थानांतरित करने से पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी। उन्होंने इसे कुप्रबंधन और अमानवीय भी करार दिया और कहा कि आई.जी.एम.सी का ठंडा वातावरण नवजात शिशुओं के लिए जोखिम भरा है।

## सूही मेला

चंबा वासियों की प्यास बुझाने के लिए अपने प्राणों की बलि देने वाली रानी सुनयना की पावन स्मृति में मनाया जाने वाला ऐतिहासिक सूही मेला आज धूमधाम के साथ आरंभ हो गया। तीन दिन तक चलने वाले इस पारम्परिक मेले का शुभारंभ राजमहल परिसर में रानी सुनयना की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा–अर्चना के साथ हुआ। इस मौके पर राज परिवार की सदस्य व पूर्व मंत्री आशा कुमारी ने कहा कि ये मेले ऐतिहासिक है और इसे भविष्य में राज्य स्तर का दर्जा दिया जाएगा।

मान्यता है कि रियासत काल में चंबा में पानी की भयंकर कमी हो गई थी तभी रानी सुनयना को स्वप्न में संकेत मिला की राजघराने की सदस्य के बलिदान से ही जल संकट समाप्त होगा। इसके बाद रानी सुनयना ने स्वयं बलिदान देने का निर्णय लिया और मलूण में समाधि ली। कहा जाता है कि उनके बलिदान के बाद वहां जलधारा फूटी, जिसका उपयोग आज भी स्थानीय लोग करते हैं।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- राज्य स्तरीय हरोली उत्सव धूमधाम के साथ आरंभ– मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शामिल हुए शोभा यात्रा में।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–शुल्क की सरकार बन गई है सुख की सरकार।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा–सड़कों के विस्तारीकरण पर विशेष ध्यान दे रही है सरकार।
- सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का स्टार्टअप फाउंडर्स उद्यमियों और युवा व्यापार नेताओं से मोदी सरकार द्वारा सृजित अवसरों का लाभ उठाने की अपील।
- प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा फीस बढ़ौतरी के विरोध में मुखर हुआ छात्र संगठन एस.एफ.आई–बढ़ौतरी वापिस लेने की मांग।